कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री मुकेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेढेकापुरा नादौती जिला करौली का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाण्डेला, किशनगंज जिला बारां किया गया था जिसके विरूद्ध श्री मुकेश कुमार वर्मा द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 739/2021 श्री मुकेश कुमार वर्मा बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 739/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 29.01.2021 द्वारा अपीलार्थी श्री मुकेश कुमार वर्मा को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में 2 सप्ताह की अवधि में सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार राज्य सरकार के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए 2 सप्ताह के भीतर निस्तारित किये जाने एवं ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को प्रदान किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में अपनी पुत्री के गंभीर मानसिक रोग से ग्रस्त होने एवं अपनी विकट पारिवारिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना पदस्थापन स्थान संशोधित कर राउमावि मोहनपुरा, टोडाभीम जिला करौली/राउमावि गढी का गांव, मण्डरायल जिला करौली/राउमावि चौडगांव, सपोटरा जिला करौली/राबाउमावि गेरई जिला करौली अथवा राउमावि खानपुर बडौदा, गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर में प्रधानाचार्य के किसी रिक्त पद पर समायोजित किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी के अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाकर अपीलार्थी श्री मुकेश कुमार वर्मा, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य राउमावि खाण्डेला, किशनगंज जिला बारां का पदस्थापन स्थान संशोधित करते हुए उनका समायोजन उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर राउमावि गढी का गांव, मण्डरायल जिला करौली में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाता है। सम्बन्धित सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/मुकेश वर्मा/739/2021/143 दिनांकः 13.02.2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, कोटा/भरतपुर संभाग, कोटा/भरतपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बारां/करौली।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक बारां/करौली।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री मुकेश कुमार वर्मा, स्थानान्तरणाधीन प्रधानाचार्य राउमावि खाण्डेला, किशनगंज जिला बारां।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)